जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ए०डी०आर० सेंटर, जनपद न्यायालय फर्रूखाबाद में संविदा के आधार पर दो तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक)पद हेतु साक्षात्कार के उपरान्त सफल अभ्यर्थीगण के बाबत सूचना

माननीय उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या 1807/एसएलएसए-37 ए/2010 दिनांकित 22-05-2024 एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फर्रूखाबाद द्वारा दिनांक 23-05-2024 को पारित आदेश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फर्रूखाबाद द्वारा पत्र संख्या 99/विसेप्रा-फ०/2024 दिनांकित 02-08-2024 के अनुसार संविदा के आधार पर कनिष्ठ लिपिक के दो पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फर्रूखाबाद द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के सापेक्ष अंतिम तिथि (31-08-2024) तक कुल 105 अभ्यर्थीगण के आवेदन पत्र प्राप्त हुये।

जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फर्रूखाबाद द्वारा अनुमोदन मिलने के पश्चात क्रम संख्या 1 से क्रम संख्या 50 के सम्मुख अंकित अभ्यर्थीगण मे से उपस्थित कुल 26 (छब्बीस) अभ्यर्थीगण का दिनांक 16-12-2024 को टाइप टेस्ट एवं क्रम संख्या 51 से क्रम संख्या 105 के सम्मुख अंकित अभ्यर्थीगण मे से उपस्थित कुल 28(अठ्ठाइस) अभ्यर्थीगण का दिनांक 17-12-2024 को टाइप टेस्ट कराया गया। उक्त दोनो दिवसो में आयोजित टाइप टेस्ट में उपस्थित कुल 54(चौवन) अभ्यर्थीगणो में से टाइप टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर कुल 09 (नौ) अभ्यर्थीगण सफल पाये गये।

टाइप टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर उत्तीर्ण उक्त अभ्यर्थीगण को दिनांक 20-12-2024 को सायं 03.00 बजे साक्षात्कार हेतु अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, फर्रूखाबाद के विश्राम कक्ष में आमंत्रित किया गया।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फर्रूखाबाद के विश्राम कक्ष में आयोजित साक्षात्कार में आमंत्रित कुल नौ अभ्यर्थीगण में से सात अभ्यर्थीगण साक्षात्कार हेतु उपस्थित आये। रत्नेश कुमार पुत्र श्री तेजराम सागर एवं आदित्य प्रखर पुत्र श्री संतोष यादव साक्षात्कार हेतु उपस्थित नही आये। इस प्रकार टाइप टेस्ट में सफल अभ्यर्थीगण में से सात अभ्यर्थीगण का साक्षात्कार लिया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	कुल अंक	कुल प्राप्तांक
1	विशाल राजपूत	श्री अशोक राजपूत	40	31
2	मो० आरिफ अली	श्री मो० इशरत अली	40	19
3	शिवम दीक्षित	श्री जगदीश चन्द्र दीक्षित	40	22
4	रत्नेश कुमार	श्री तेजराम सागर	40	A
5	सूरज प्रकाश गौतम	श्री प्यारेलाल	40	16
6	सुधीर कुमार	श्री रामलाल प्रजापति	40	21
7	आदित्य प्रखर	श्री संतोष यादव	40	A
8	शिवम चौधरी	गिरीश चन्द्र चौधरी	40	26
9	सुशील कुमार वर्मा	राजेश कुमार वर्मा	40	19

साक्षात्कार में उपस्थित कुल 07 (सात) अभ्यर्थीगणो में से किये गये प्रदर्शन के आधार पर कनिष्ठ लिपिक (संविदा) के दो पद हेतु साक्षात्कार में प्राप्त अधिकतम अंको के आधार पर श्रेष्ठता क्रमानुसार निम्न दो अभ्यर्थीगण **1-** विशाल राजपूत पुत्र श्री अशोक राजपूत निवासी जज कालोनी सिविल लाइन फतेहगढ़ एवं **2-** श्री शिवम चौधरी पुत्र गिरीश चन्द्र चौधरी निवासी राजन नगला भोलेपुर, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद को समिति द्वारा सफल घोषित किया गया है।

चयनित अभ्यर्थीगण के बाबत अग्रिम कार्यवाही अलग से की जायेगी।

21/12/2024

(संजय कुमार-VI)
अपर जिला जज/
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
फर्रूखाबाद।
21-12-2024